"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 38] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 18 सितम्बर 2015—भाद्र 27, शक 1937

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 22 अगस्त 2015

क्रमांक एफ-9-21/2011/1-8.—विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 18-08-2015 द्वारा श्री ओम प्रकाश यादव, (भा.व.से.-1995) संचालक, राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, रायपुर को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, ऊर्जा विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.

2. उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा श्री ओम प्रकाश यादव, (भा.व.से.-1995) सचिव, ऊर्जा विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2015.

नया रायपुर, दिनांक 22 अगस्त 2015

क्रमांक एफ 9-21/2011/1-8.—राज्य शासन एतद्द्वारा वन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 1-11/2015/10/भा.व.से. दिनांक 18-08-2015 के अनुक्रम में—

1. श्री के सुब्रमणियम, (भा.व.से.-1984) अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर की सेवाएं वन विभाग द्वारा की गई पदस्थापना स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु वन विभाग को वापस की जाती है.

2. श्री पी. सी. पाण्डेय, (भा.व.से.-1987) सचिव, कृषि विभाग, मंत्रालय तथा गन्ना आयुक्त की सेवाएं वन विभाग द्वारा की गई पदस्थापना स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु वन विभाग को वापस की जाती है.

3. श्री के. मुरूगन, (भा.व.से.-1987) सचिव, छ.ग. शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की सेवाएं वन विभाग द्वारा की गई पदस्थापना स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु वन विभाग को वापस की जाती है.

4. श्री बी. आनन्द बाबू, (भा.व.से.-1992) सचिव, ऊर्जा विभाग तथा सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की सेवाएं वन विभाग द्वारा की गई पदस्थापना स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु वन विभाग को वापस की जाती है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. डी. सिंह, विशेष सचिव.

LAW AND LEGISLATIVE AFFAIRS DEPARTMENT
Mantralaya, Mahanadi Bhawan, Naya Raipur

Naya Raipur, the 27th August 2015

No. 8410/2770/XXI-B/2015.—In exercise of the powers conferred by Article 234 of the Constitution of India read with sub-rule (1) of Rule 5 of the Chhattisgarh Lower Judicial Service (Recruitment and Conditions of Service) Rules, 2006 the State Government, hereby appoints Shri Aslam Khan S/o Shri Ali Hasan Khan (Category-Unreserved Merit No. 20) on the Post of Civil Judge (Entry Level) in the Pay Scale of 27,700-770-33,090-920-40,450-1,080-44,770 under clause (a) of sub-rule (1) of Rule 3 of the Chhattisgarh Lower Judicial Service (Recruitment and Conditions of Service) Rules, 2006, temporarily on probation for a period of two years or till further order, from the date he assumes charge of his office.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
A. K. SAMANTRAY, Principal Secretary.

ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 27 अगस्त 2015

क्रमांक एफ 1-9/2008/13/1.—विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 22-02-2014 द्वारा श्री विजय सिंह, कार्यपालक निदेशक (टी एण्ड सी) को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित के प्रबंध संचालक के पद पर कार्यकाल दिनांक 28-02-2016 तक बढ़ाया गया था.

2. चूंकि श्री सिंह अपने मूल पद से अधिवार्षिकी आयु 62 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत दिनांक 31-08-2015 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, अत: आदेश दिनांक 22-02-2014 में आंशिक संशोधन आवश्यक है. तद्नुसार छ.ग.रा.वि. पारेषण कंपनी मर्यादित के अंतर्नियम की कंडिका-77 (iv) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए उन्हें सेवानिवृत्त होने के पश्चात् कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 28 फरवरी, 2016 तक के लिए संचालक, छ.ग. राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित के पद पर संविदा नियुक्ति दी जाती है.

3. श्री विजय सिंह (संविदा) को छत्तीसगढ़ राज्य पारेषण कंपनी मर्यादित के अंतर्नियम की कंडिका 78 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 28-02-2016 तक के लिये छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित का प्रबंध संचालक (संविदा) नियुक्त करता है.

4. संविदा नियुक्ति की अवधि में श्री विजय सिंह को देय वेतन/भत्ते एवं सेवा शर्तों के संबंध में पृथक से आदेश जारी किये जावेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. एस. गुर्जर, अवर सचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 2 सितम्बर 2015

क्रमांक एफ 10-14/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

सफाई कर्मकार हेतु आवश्यक उपकरण सहायता योजना

(अ) **योजना का प्रावधान :—**

(i) योजना का नाम "सफाई कर्मकार हेतु आवश्यक उपकरण सहायता योजना" होगा.

(ii) इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत सफाई कर्मकारों को आवश्यक उपकरण गमबूट, दस्ताने, मास्क एवं एप्रन हेतु रुपये 700/- (सात सौ रुपये मात्र) प्रति हितग्राही प्रदाय किया जावेगा.

(iii) सहायता राशि प्रतिवर्ष प्रदाय किया जावेगा.

(iv) यह योजना अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होगा.

(ब) **योजना हेतु पात्रता :—**

(i) प्रदेश के किसी भी जिले में छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा पंजीकृत सफाई कर्मकार को योजना का लाभ प्रदाय किया जावेगा.

(ii) राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से सहायता प्राप्त करने की स्थिति में हितग्राही को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.

(iii) 18 वर्ष से 60 वर्ष की आयु वाले हितग्राही योजनांतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे.

(स) **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

(i) आवेदक/आवेदिका द्वारा स्वयं के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन संबंधित जिले के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जावेगा.

(ii) आवेदन में असंगठित कर्मकार का पंजीयन क्रमांक अंकित किया जाना आवश्यक है.

(द) **भुगतान की प्रक्रिया :—**

संबंधित सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत राशि पात्र हितग्राहियों को चेक अथवा उनके बैंक खाते में आरटीजीएस द्वारा भुगतान किया जावेगा.

(ई) **विसंगति का निराकरण :—**

योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
याकुब खेस्स, उप सचिव.

वन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 18 अगस्त 2015

क्रमांक/एफ 7-16/2013/10-2.—राज्य शासन एतद्द्वारा भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली के GIM Advisory क्रमांक 2.0, दिनांक 16-12-2011 में निहित निर्देशों एवं तद्विषयक मार्गदर्शी निर्देशों के परिपालन में प्राकृतिक वनों के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन का शमन, वनों के घनत्व एवं आच्छादन में वृद्धि, पारिस्थितिकीय तंत्रों का विकास, खाद्य सुरक्षा, जल सुरक्षा, आश्रित स्थानीय समुदायों की आजीविका सुरक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना विकास एवं अन्य वानिकी कार्यों के प्रबंधन हेतु "राज्य ग्रीन इंडिया मिशन प्रकोष्ठ" (जिसे इसके बाद राज्य जी.आई.एम. प्रकोष्ठ कहा जावेगा) का गठन करता है.

1. **पृष्ठभूमि :—** हरित भारत राष्ट्रीय मिशन (Green India Mission), जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एन.ए.पी.सी.सी.) के अंतर्गत बनाये गये आठ राष्ट्रीय मिशनों में से एक मिशन के रूप में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित किया गया था. यह मिशन जलवायु परिवर्तन को एक ऐसी घटना मानता है जो कि देश के प्राकृतिक संसाधनों के वितरण, प्रकार व गुणवत्ता तथा इससे जुड़ी लोगों की जीविका को गंभीर रूप से प्रभावित व परिवर्तित करेगा. यह मिशन वानिकी क्षेत्र द्वारा जलवायु शमन, खाद्य सुरक्षा, जल सुरक्षा, जैव विविधता, विकास, संरक्षण एवं वन पर निर्भर समुदायों की जीविका सुरक्षा के द्वारा होने वाले पर्यावरणीय सुधार को मान्यता देता है. जी.आई.एम. "हरितिकरण" को जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन एवं शमन के संदर्भ में देखता है जिसका लक्ष्य पारिस्थितिकीय सेवाओं को बढ़ावा देना होगा, जैसे कार्बन सिक्वेस्ट्रेशन व संग्रहण (वनों एवं अन्य पारितंत्रों में) जल संबंधी सेवाएं एवं जैव विविधता, इसके साथ-साथ वस्तु आधारित सेवाएं जैसे ईंधन, चारा लकड़ी तथा गैर काष्ठीय वन उत्पाद.

यह मिशन जलवायु परिवर्तन को निम्नलिखित के माध्यम से संबोधित करेगा :—

- टिकाऊ रूप से प्रबंधित वनों एवं पारिस्थितिकीय तंत्रों में कार्बन सिंक की मात्रा में वृद्धि;
- बदलती जलवायु के प्रति संकटग्रस्त प्रजातियों/पारिस्थितिकीय तंत्रों का अनुकूलन; और
- बदलती जलवायु के संदर्भ में स्थानीय समुदायों की वन निर्भरता का अनुकूलन.

2. **राष्ट्रीय ग्रीन इंडिया मिशन का उद्देश्य :—** भारत शासन द्वारा राष्ट्रीय ग्रीन इंडिया मिशन के उद्देश्य को निम्नानुसार तीन चरणों में बांटा गया है.

- अगले 10 वर्षों में भारत में वनीकरण/ईकोरिस्टोरेशन के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले भू-क्षेत्र को दोगुना करना अर्थात् 2 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र को वनीकृत करना या ईकोरिस्टोर्ड करना (अर्थात 1 करोड़ हेक्टेयर वनीय/गैरवनीय क्षेत्रों को मिशन के माध्यम से वनीकृत किया जाएगा तथा शेष 1 करोड़ हे. वनों पर वन विभाग एवं अन्य संस्थायें कार्य करेंगी).
- वर्ष 2020 तक भारत के वार्षिक कुल ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन से 6.35 प्रतिशत हिस्से को भारत के वनों द्वारा कम करने की क्षमता में वृद्धि (मिशन की अनुपस्थिति में जो कि 1.5 प्रतिशत के लगभग होगी). मिशन के द्वारा 1 करोड़ हे. वन एवं अन्य पारितंत्रों में भूमि पर एवं भूमिगत स्थिति जैवभार में वृद्धि होगी परिणामस्वरूप वर्ष 2020 में कार्बन सिक्वेस्ट्रेशन में 4.3 करोड़ टन कार्बन डाई ऑक्साइड की दर से वृद्धि होगी.
- मिशन के द्वारा इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के वन एवं अन्य पारितंत्रों की स्थिति में काफी सुधार होगा. मिशन के द्वारा जल के बहाव को नियंत्रित करके उसे भू-गर्भ में अन्तः स्त्रावित किया जाएगा, जिससे भू-गर्भिय जल का रिचार्ज संभव हो सके. इसके साथ-साथ जलधाराओं व झीलों का भी पुनः भरण संभव हो सकेगा. इस मिशन के द्वारा जैव विविधता के अतुलित भण्डार में भी काफी वृद्धि होगी. इसके अलावा इस मिशन से स्थानीय समुदायों को बदलते हुए जलवायु के अनुकूल बनाने के लिए कई अन्य सेवाओं (जलौनी लकड़ी, चारा, इमारती लकड़ी गैर काष्ठीय वनोपज, औषधीय पौधे इत्यादि) में भी वृद्धि होगी. इन सभी परिवर्तनों के अनुश्रवण के लिए अनुकूल सूचकों की पहचान भी की जाएगी.

राज्य के ग्रीन इंडिया मिशन उक्त राष्ट्रीय उद्देश्यों की पूर्ति हेतु राष्ट्रीय ग्रीन इंडिया मिशन को आवश्यक सहायता उपलब्ध करायेगा.

3. **मिशन का लक्ष्य (परिणाम) :—**विभिन्न प्रकार के वनों एवं पारितंत्रों के लिए राष्ट्रीय मिशन में निहित समग्र परिणाम को प्राप्त करने हेतु कई लक्ष्य निर्धारित किए जायेंगे, जिससे इस मिशन के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके. राष्ट्रीय मिशन द्वारा आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु राज्य ग्रीन इंडिया मिशन कार्य करेगी. उक्त लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर निम्नानुसार वर्गीकृत किये गये हैं :—

- 20 लाख हेक्टेयर मध्यम घनत्व वाले वनों के घनत्व एवं आच्छादन में वृद्धि स्पष्ट रूप से दिखायी देगी.
- 40 लाख हेक्टेयर क्षरित वनों को पुन: वनीकरण/पुन: जीवित किया जायेगा और साथ ही साथ इसका टिकाऊ तरीके से प्रबंधन भी किया जाएगा.
- 20 लाख हेक्टेयार क्षरित झाड़ी/घास स्थलीय मैदानों का पुनरूद्धार किया जाएगा तथा इसको उपयोग टिकाऊ तरीके से विभिन्न कार्यों के लिए किया जाएगा.
- 1 लाख हेक्टेयर मैंग्रूव वनों का पुनरूद्धार होगा या इन्हें रोपित किया जाएगा 1 लाख हेक्टेयर नमभूमि क्षेत्रों को संरक्षित किया जाएगा.
- 2 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र, जो शहरों या अर्द्धशहरी क्षेत्रों में स्थित है, को पुन: आच्छादित किया जाएगा.
- 15 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्रों एवं चारा स्थलों को कृषि वानिकी के अंतर्गत लाया जाएगा.
- 1 लाख हेक्टेयर कॉरिडोर क्षेत्र जहां से वन्यजीवों का प्रवास अधिकतम होता है, को संरक्षित किया जाएगा.
- 1 करोड़ घरों में जलौनी लकड़ी के उन्नत प्रयोग को बढ़ावा देने वाले उपकरणों (इसके साथ ही साथ वैकल्पिक ऊर्जा उपकरणों) के प्रयोग को अपनाया जाएगा.
- सामुदायिक आजीविका आधारित जैवभार/गैर काष्ठीय वनोपज में वृद्धि होगी जिससे उनकी आजीविका पर पड़ने वाले खतरे भी कम होंगे.

4. **मिशन की रणनीति :—**

- **'हरियाली' को व्यापक रूप में देखना (पौधरोपण के परे)**—मिशन के अंतर्गत हरियाली लाने की गतिविधि में केवल वृक्षारोपण एवं वनाच्छादन में वृद्धि जैसी गतिविधियों को ही शामिल नहीं किया गया है बल्कि यह अन्य विशिष्ट पारितंत्रों एवं विविध पर्यावासों जैसे, घासस्थलीय मैदान एवं चारास्थलों (मरूस्थलीय एवं अर्द्धमरूस्थलीय क्षेत्रों में), मैंग्रूव वनों, नमभूमियों एवं अन्य आवश्यक पारितंत्रों को संरक्षित कर उनके पुनरूद्धार पर भी बल देता है. यह न केवल क्षरित वनों को बचाने व उसके पुनरूद्धार से संबंधित कार्यवाही पर बल देता है बल्कि यह अधिक घनत्व वाले वन क्षेत्रों के साथ-साथ अन्य वनों की सुरक्षा/वनाच्छादन में वृद्धि में भी सहयोग देता है.
- **क्रियान्वयन में एकीकृत अंतरक्षेत्रीय तरीके का प्रयोग—**मिशन एक दिये गये परियोजना इकाई/उप-लैण्डस्केप/उप-जलागम में ऐसे एकीकृत तरीके को बढ़ावा देता है जिससे वनों एवं गैरवनीय क्षेत्रों के साथ-साथ व्यक्तिगत भू-क्षेत्रों का विकास कराना भी है. क्षरण के कारकों को एकीकृत तरीके से स्पष्ट रूप से संबोधित किया जा सकता है, जो वनीय एवं गैर वनीय सार्वजनिक क्षेत्रों के साथ-साथ व्यक्तिगत भू-क्षेत्र में समान रूप से कार्य कर सकता है (वन विभाग, पशु विभाग, कृषि एवं ग्रामीण विभाग)
- **स्थानीय समुदायों एवं विकेन्द्रिकृत शासन की प्रमुख भूमिका**—स्थानीय समुदायों को परियोजना के संचालन एवं क्रियान्वयन में प्रमुख भूमिका निभाने की आवश्यकता होगी. इस मिशन के तहत ग्राम सभा एवं इससे संबंधित विभिन्न समितियों जिसके अंतर्गत जे.एफ.एम., सी.एफ.एम. समूह, वन पंचायत इत्यादि शामिल हैं, को विकेन्द्रिकृत वन शासन के रूप में मजबूती प्रदान की जायेगी. इसके साथ ही मिशन के द्वारा वन विकास एजेन्सियों को पर्याप्त समर्थन भी दिया जाएगा. यह मिशन सामुदायिक कार्यावधि, अनुकूलित वन प्रबंधन एवं आजीविका संबंधी गतिविधियों जैसे, समुदाय आधारित गैर

काष्ठीय वनोपज उद्यम को समर्थित करने हेतु क्षमता विकास इत्यादि मजबूती प्रदान करेगा.

- **'संवेदनशीलता' एवं 'क्षमता' चयन करने के मानक के रूप में**—मिशन के अंतर्गत परियोजना क्षेत्र/उप-जलागम/उप-लैंडस्केप को चयन करने के मानक में जलवायु परिवर्तन के प्रति संवदेनशीलता के साथ-साथ कार्बन सिंक को बढ़ाने के लिए उस क्षेत्र विशेष की क्षमता को भी शामिल किया गया है.

- **सख्त एवं प्रभावी अनुश्रवण ढांचा**—मिशन में चार विभिन्न स्तरों पर अनुश्रवण के लिए एक ढांचे का प्रस्ताव भी शामिल किया गया है. इसके अतिरिक्त विभिन्न एजेन्सियों द्वारा की जाने वाली जमीन स्तर के परिणामों के अनुश्रवण के लिए यह मिशन आधुनिक तकनीकी जैसे जी.पी.एस. प्रणाली के साथ रिमोट सेंसिंग की व्यवस्था करेगा. परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत कुछ क्षेत्रों को चयनित किया जाएगा, जहां भू-आच्छादन, मृदा की स्थिति, क्षरण एवं अंत:स्त्रावण, जलबहाव, भू-गर्भीय जल के स्तर का मापन जैसे मानकों का प्रयोग करके जल बजट एवं जैवभार अनुश्रवण सूचकों के विकास हेतु सघन अनुश्रवण कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा. इसके अतिरिक्त मिशन अपने लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए शोध संबंधी गतिविधि को भी संचालित करेगा. मिशन के अंतर्गत देश में आर.ई.डी.डी. की गतिविधियों को संचालित करने के लिए मिशन के निदेशालय में एक अन्य प्रकोष्ठ की व्यवस्था करेगा.

5. **मिशन का ढांचा:**—पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत शासन, राष्ट्रीय स्तर पर मिशन से जुड़ी गतिविधियों को क्रियान्वित करने के लिए उत्तरदायी होगा. मिशन को समग्र रूप से दिशा-निर्देश एक सलाहकार परिषद जिसके अध्यक्ष पर्यावरण एवं वनमंत्री भारत सरकार होंगे, के द्वारा दिया जाएगा. मिशन की गतिविधियों को संचालित करने के लिए एक राष्ट्र स्तरीय समिति होगी जो कि गतिविधियों को संचालित करने के लिए दिशा निर्देश देगी.

राज्य स्तर पर मिशन के लक्ष्य एवं परिणाम प्राप्त करने के लिए राज्य वन विकास अभिकरण के अंतर्गत वन विभाग में इसका कार्यालय होगा. राज्य का वन विभाग राज्य स्तर पर मिशन की गतिविधियों को क्रियान्वित करने के लिए उत्तरदायी होंगे. मिशन को सूपर्ण दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय संचालन समिति एवं मिशन की गतिविधियों को दिशा देने और जांच करने के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (पी.सी.सी.एफ.) की अध्यक्षता में एक क्रियान्वयन समिति का गठन किया जाएगा. राज्य वन विकास अभिकरण (SFDA) राज्य के मिशन प्रकोष्ठ के रूप में कार्य करेगी.

जिला स्तर पर मिशन की गतिविधियों का क्रियान्वयन जिला समन्वय समिति के माध्यम से वन विकास अभिकरण द्वारा किया जावेगा. ग्राम स्तर पर मिशन का नियोजन एवं क्रियान्यवन ग्राम सभा की स्थानीय स्तर की संस्था संयुक्त वन प्रबंध समिति द्वारा किया जावेगा.

ग्रीन इंडिया मिशन के सफल संचालन हेतु छ.ग. शासन द्वारा राज्य स्तर पर एक संचालन समिति (Streeing Committee), क्रियान्वयन समिति (Executive Committee) तथा क्षेत्रीय स्तर पर जिला समन्वय समिति (District Co-ordination Committee) का गठन किया जाता है :—

5 (1) **संचालन समिति (Streeing Committee)—**

ग्रीन इंडिया मिशन के संचालन समिति में निम्न सम्मिलित होंगे :—

1.	मुख्य सचिव	-	अध्यक्ष
2.	अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव (वन)	-	उपाध्यक्ष
3.	अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव (वित्त)	-	सदस्य
4.	अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव (पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग)	-	सदस्य
5.	अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव (आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)	-	सदस्य

6.	अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव (कृषि एवं पशुपालन विभाग)	-	सदस्य
7.	प्रधान मुख्य वन संरक्षक	-	सदस्य
8.	प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी)	-	सदस्य
9.	प्रबंध संचालक, छ.ग. वन विकास निगम	-	सदस्य
10.	प्रबंध संचालक छ.ग. लघुवनोपज संघ	-	सदस्य
11.	क्लाईमेट चेंज/स.व.प्र. में कार्यरत् दो प्रतिष्ठित सिविल सोसायटी संस्थान/अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि.	-	सदस्य
12.	वन प्रबंधन समितियों के दो सदस्य जो स.व.प्र. के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं.	-	सदस्य
13.	दो निगमित क्षेत्र (Corporate Sector) के सदस्य जिनका राज्य में उद्योग संचालित है एवं वानिकी तथा जलवायु के क्षेत्र में सक्रिय कार्य कर रहे हैं.	-	सदस्य
14.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संवप्र) एवं मिशन निदेशक राज्य ग्रीन इंडिया मिशन.	-	सदस्य सचिव

टीप :—अनुक्रमांक 11 से 13 तक के सदस्य राज्य शासन द्वारा अधिकतम दो वर्ष के लिए नामित किये जावेंगे.

संचालन समिति के कार्य :—

1. ग्रीन इंडिया मिशन के मुख्य उद्देश्यों एवं सिद्धांतों के अधीन क्रियान्वयन समिति के नियमों एवं कार्य संबंधी प्रक्रिया का निर्धारण करेगी.
2. ग्रीन इंडिया मिशन योजना के तहत् विमुक्त राशि के उपयोग की प्रगति की समीक्षा करेगी.
3. ग्रीन इंडिया मिशन के वार्षिक प्रतिवेदनों तथा आंकेक्षिक लेखों की स्वीकृति देगी.
4. अंतर्विभागीय सहयोग सुनिश्चित करेगी.
5. संचालन समिति की बैठक कम से कम एक वर्ष में एक बार अवश्य आयोजित की जावेगी.

यह समिति राज्य वन विकास अभिकरण (SFDA) के अंतर्गत स्थापित ग्रीन इंडिया मिशन प्रकोष्ठ को समग्र दिशा निर्देश प्रदान करेगी.

5. (2) **क्रियान्वयन समिति (Executive Committee)—**

ग्रीन इंडिया मिशन के क्रियान्वयन समिति में निम्न सम्मिलित होंगे :—

1.	प्रधान मुख्य वन संरक्षक	-	अध्यक्ष
2.	प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी)	-	सदस्य
3.	प्रबंध संचालक, छ.ग. लघु. वनो. संघ	-	सदस्य
4.	प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य वन विकास निगम	-	सदस्य
5.	संचालक, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	-	सदस्य
6.	प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य ऊर्जा विकास प्राधिकरण	-	सदस्य
7.	संचालक, कृषि विभाग	-	सदस्य
8.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास/योजना)	-	सदस्य
9.	दो वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित सिविल सोसायटी संस्था/अशासकीय संस्थाओं से मनोनित सदस्य (राज्य शासन द्वारा अधिकतम दो वर्ष के लिए नामित किये जावेंगे).	-	सदस्य
10.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संवप्र.) एवं मिशन निदेशक.	-	सदस्य सचिव

क्रियान्वयन समिति के कार्य :—

1. भारत शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत ग्रीन इंडिया मिशन का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी.

2. संचालन समिति द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया के अधीन ग्रीन इंडिया मिशन के प्रमुख उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु समस्त संभव उपाय करेगी.
3. ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत राज्य में विभिन्न गतिविधियों की मदवार कार्यकलाप एवं अनुमानित व्यय देते हुये वार्षिक कार्य योजना को स्वीकृति करेगी.
4. योजना अंतर्गत विमुक्त की गई राशि से राज्य में कराये गये कार्यों के संपादन की देखरेख करेंगी एवं कार्यों की समीक्षा तथा मूल्यांकन रिपोर्ट संचालन समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगी.
5. योजना अंतर्गत राशि की प्राप्तियों एवं व्यय के समुचित अंकेक्षण हेतु उत्तरदायी रहेगी.
6. परियोजना के सफल संचालन हेतु आवश्यकतानुसार तकनीकी विशेषज्ञों की सेवायें संविदा पर प्राप्त करने हेतु आवश्यक स्वीकृति देगी.
7. अन्य कार्यों का क्रियान्वयन जो समय-समय पर भारत सरकार एवं संचालन समिति के निर्देशों में सम्मिलित होंगे.
8. जिला स्तरीय समन्वय समितियों का पर्यवेक्षण (Supervision) करेगी एवं समय-समय पर मार्गदर्शन प्रदान करेगी, साथ ही अशासकीय सदस्यों को नामांकित करेगी.
9. क्रियान्वयन समिति की बैठक न्यूनतम वर्ष में दो बार अवश्य आयोजित की जावेगी.

5. (3) **जिला समन्वय समिति (District Co-ordination Committee)—**

ग्रीन इंडिया मिशन के जिला समन्वय समिति में निम्न सम्मिलित होंगे :—

1.	मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय)	-	अध्यक्ष
2.	जिलाध्यक्ष	-	उपाध्यक्ष
3.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत	-	सदस्य
4.	उप संचालक, कृषि	-	सदस्य
5.	जिला पशुपालन अधिकारी	-	सदस्य
6.	सहायक आयुक्त, जिला अनुसूचित जाति कल्याण विभाग.	-	सदस्य
7.	जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी	-	सदस्य
8.	प्रतिष्ठित सिविल सोसायटी संस्था/अशासकीय संस्था के प्रतिनिधि जो स.व.प्र./जलवायु परिवर्तन के कार्यों में 03 वर्षों से सक्रिय हो, के नामांकित दो सदस्य.	-	सदस्य
9.	वन प्रबंधन समितियों के 03 सदस्य (कम से कम 01 महिला अनिवार्य) (अनु. क्र. 8 एवं 9 के सदस्यों को क्रियान्वयन समिति द्वारा अधिकतम दो वर्ष के लिए नामित किये जावेंगे.)	-	सदस्य
10.	वनमंडलाधिकारी	-	सदस्य सचिव

जिला समन्वय समिति के कार्य :—

1. जिला स्तर पर योजना का क्रियान्वयन तथा अंतर्विभागीय सहयोग सुनिश्चित करेगी.
2. योजना अंतर्गत विमुक्त किये गये राशियों के समुचित उपयोग सुनिश्चित करेगी व समय-समय पर कार्यों का समीक्षा कर आवश्यक मार्गदर्शन देंगे.
3. यह समिति योजना अंतर्गत स्थानीय विशेषज्ञों/संस्थाओं का जिला स्तर पर चयन करेगी.
4. यह समिति जिला स्तर पर योजना के समस्त लेखों के रख-रखाव हेतु उत्तरदायी होंगी. समिति वार्षिक अंकेक्षण प्रतिवेदन राज्य जी.आई.एम. प्रकोष्ठ को प्रस्तुत करेगी.

6. **राज्य ग्रीन इंडिया मिशन प्रकोष्ठ की स्थापना (State Green India Mission Cell) :—**छ.ग. राज्य में ग्रीन इंडिया मिशन प्रकोष्ठ की स्थापना वन विभाग के संयुक्त वन प्रबंधन प्रभाग में किया जाता है. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सं.व.प्र.) ग्रीन इंडिया मिशन के Ex-Offico, ग्रीन इंडिया मिशन निदेशक एवं नोडल अधिकारी होंगे. वे ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत स्थापित संचालन समिति एवं क्रियान्वयन समिति के सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे. मिशन के निदेशक को मिशन की गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कर्मचारी/विशेषज्ञ ढांचागत संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे. कार्य आधारित विशेषज्ञ अमले की स्वीकृति आवश्यकता अनुसार समय-समय पर क्रियान्वयन समिति से प्राप्त की जावेगी.

ग्रीन इंडिया मिशन प्रकोष्ठ के कार्य :—

1. यह प्रकोष्ठ ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत गठित संचालन समिति (Streeing Committee) एवं क्रियान्वयन समिति के निर्णयों का क्रियान्वयन करेगा.

2. यह प्रकोष्ठ जिला समन्वय समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर ग्रीन इंडिया मिशन का एफ.डी.ए. एवं संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा.
3. ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत भारत सरकार एवं अन्य योजनाओं से प्राप्त राशि का आवंटन, योजना का संचालन एवं राज्य में योजना को बढ़ावा देने हेतु कार्य करेगा.
4. योजनांतर्गत चयनित तथा वित्त पोषित लैण्ड स्केप के वन क्षेत्रों में वनों के संवर्धन, संरक्षण, पारिस्थितिकीय विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों की जीविका के विकास कार्यों का प्रबंधन.
5. कार्यक्रम में पारदर्शिता लाना तथा नागरिक सहयोग प्राप्त करना.
6. योजना अंतर्गत प्राप्त की गई राशि हेतु पृथक लेखा संधारण.
7. योजना पर समुचित नियंत्रण, मूल्यांकन एवं प्रकरण करना.

7. **बैंक खाता :—** भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ग्रीन इंडिया मिशन अंतर्गत प्राप्त धनराशि एक राष्ट्रीयकृत बैंक के पृथक खाते में रखी जावेगी. धन का आहरण प्रकोष्ठ स्तर पर क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं मिशन निदेशक/सदस्य सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से एवं जिला स्तर पर अध्यक्ष एवं सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से होगा.

8. **कार्यों का मूल्यांकन एवं समीक्षा :—**
1. योजना अंतर्गत लेखों का अंकेक्षण भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप सी.ए.जी. पैनल में सम्मिलित चार्टर्ड एकाउन्टेंट से कराया जावेगा.
2. योजना अंतर्गत उपलब्ध कराये गये आवंटन से किये गये कार्यों की लगातार समीक्षा एवं मूल्यांकन का कार्य विभागीय तथा वाह्य व्यवस्था द्वारा किया जावेगा.
3. राज्य ग्रीन इंडिया मिशन प्रकोष्ठ को वन विकास अभिकरण द्वारा ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत किये गये कार्यों के निरीक्षण का अधिकार होगा.
4. निदेशक, राज्य ग्रीन इंडिया मिशन प्रकोष्ठ यदि संतुष्ट है कि विमुक्त किये आवंटन का उचित उपयोग नहीं किया जा रहा है, तो आवंटित राशि में से शेष राशि रोकने अथवा निलंबित करने हेतु अधिकृत होंगे एवं छत्तीसगढ़ राज्य शासन के नियमों के अधीन आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे. वह की गई कार्यवाही का विवरण क्रियान्वयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल कुमार साहू, सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 18 अगस्त 2015

क्रमांक एफ 7-16/2013/10-2.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में वन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 7-16/2013/10-2, दिनांक 18-08-2015 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल कुमार साहू, सचिव.

Naya Raipur the 18th August 2015

No./F 7-16/2013/10-2.—In compliance to the instructions and guidelines contained in Ministry of Environment and Forests, Government of India's GIM Advisory No. 2.0 Dated 16-12-2011, the Government of Chhattisgarh, hereby constitutes the "State Green India Mission Cell" (herein after referred to as State GIM Cell) to conserve natural forests, mitigate climate change, increase density and cover of forests, ensure eco-system development, food security, water security, infrastructure development and management of other forestry activities for livelihood security of forest dependent communities.

1. **Background.—**The National Mission for a Green India, as one of the eight Missions under the National Action Plan on Climate Change (NAPCC) announced by the Prime Minister, recognizes that climate change phenomena will seriously affect and alter the distribution, type and quality of natural resources of the country and the associated livelihoods of the people. The mission acknowledges the influences that the forestry

sector has on environmental amelioration though climate mitigation, food security, water security, biodiversity conservation and livelihood security of forest dependent communities.

The GIM puts the "greening" in the context of climate adaptation and mitigation, meant to enhance ecosystem services like carbon sequestration and storage (in forests and other ecosystems), hydrological services and biodiversity; along with provisioning services like fuel, fodder, timber and NTFPs.

The Mission aims at addressing climate change by :

- enhancing carbon sinks in sustainably managed forests and other ecosystems;
- adaptation of vulnerable species/ecosystems to the changing climate; and
- adaptation of forest dependent local communities in the face of climatic variability.

2. **National Green India Mission Objectives :—**The Government of India has laid-down the following three-fold objectives for the National Green India Mission :

- Double the area to be taken up for afforestation/eco-restoration in India in the next 10 years, taking the total area to be afforested or eco-restored to 20 million ha. (i.e., 10 million ha of additional forest/ non forest area to be treated by the Mission, and remaining 10 million ha area is to be treated by Forest Department and other agencies.

- Increase the Green house Gasses (GHG) removals by India's forests to 6.35% of India's annual total GHG emissions by the year 2020 (an increase of 1.5% over what it would be in the absence of the Mission). This would require an increase in above and below ground biomass in 10 million ha of forests/ecosystems, resulting in increased carbon sequestration of 43 million tons CO_2 annually.

- Enhance the resilience of forests/ecosystems being treated under the Mission Controlling useless surface water flow and adopting Water Harvesting Techniques will enhance infiltration, ground-water recharge, stream and spring flows, biodiversity value, provisioning of services (fuel wood, fodder, timber, NTFPs, etc.) to help local communities adapt to climatic variability.

  The State GIM will help & supports the National GIM to achieve the above national objectives.

3. **Mission Targets (Output) :—**The National Green India Mission will have clear targets for different forest types and ecosystems which will enable achieving the overall objectives of the Mission. The State GIM will strive to achieve its targets allotted by the National GIM for the National targets above national targets have been classified into the following:

- 2.0 m ha of moderately dense forests should show increased cover and density

- 4.0 m ha of degraded forests are regenerated/afforested sustainably managed

- 2.0 m ha of degraded scrub/grasslands are restored and put under sustainable multiple uses

- 0.10 m ha of mangrove forest will be rehabilitated or planted & 0.10 m ha of wetlands show enhanced conservation status.

- 0.20 m ha of urban/peri urban forest lands and institutional lands are under tree cover

- 1.50 m ha of degraded agricultural and fodder lands and fallows are brought under agro-forestry.

- 0.10 m ha of corridor areas, critical to wildlife migration are secured and protected

- Improved fuel wood efficiencint devices adopted in about 10 million households (along with alternative energy devices)

- Biomass/NTFP based community livelihoods are enhanced that lead reduced vulnerability.

4. **Mission Strategy :—Holistic view to "greening" (Broader than plantations) :—**The scope of greening will not be limited to just trees and plantations. Emphasis will be placed on restoration of eco-systems and habitat diversity e.g. grassland and pastures, mangroves, wetlands and other critical ecosystems. It will not only strive to restore degraded forests, but would also contribute in protection/enhancement of forests with relatively dense forest cover.

Integrated cross-sectoral approach to implimentation : the mission would foster an integrated approach that treats forests and non forest public lands as well as private lands simultaneously, in project units/sub-landscapes/sub water sheds. Drivers of degradation e.g. fire wood needs and livestock grazing will be addressed using inter sectoral convergence (e.g. animal husbandry forest, agriculture, rural development; energy etc departments).

Key role for local communities and decentralized governance : Local communities will be required to play a key role in project governance and implementation. Gram Sabha and its various committees including JFMCs would be strengthened as institutions of decentralized forest governance. Likewise, the Mission would support revamping/strengthening of the Forest Development Agencies. The Mission would support secured community tenure, capacity building for adaptive forest management and livelihood support activities e.g. community bassed NTFP enterprise.

'Vulnerability' and 'Potential' as criteria for intervention : An overarching criterion for selection of project areas/sub-landscapes/sub watersheds under the mission would include vulnerability to climatic change projections and potential of areas for enhancing carbon sinks.

Robust and effective monitoring frame work : A comprehensive monitoring framework at four different levels is proposed. In addition to on ground self-monitoring by multiple agencies, the Mission would support use of modern technology like Remote Sensing with GPS mapping of plot boundaries for monitoring at output/out come level. A few identified sites within the project area will be selected for intensive monitoring using additional parameters like ground cover, soil condition, erosion and infiltration, nun-off, ground water levels to develop water budgets as well as biomass monitoring indicators. The Mission would also commission a comprehensive research needs assessment in support of Mission aim and objectives. The Mission would set up a cell with in Mission Cell to coordinate REDD Plus activities in the country.

5. **Mission Organization :—**The Ministry of Environment and Forests will be responsible for operationlising the mission activities at the national level. An Advisory Council chaired by the Minister for Environment and Forests, Govt. of India will provide overall guidance to the Mission. A National Steering Committee will provide necessary direction and support to the Mission Activities.

At State level, the mission will be housed within the State Forest Development Agency in the Forest Department. The State Forest Department will be responsible for operationlising the Mission activities at the State level and will have a State Steering Committee chaired by Chief Secretary to provide overall guidance and an Executive Committee chaired by PCCF for directing the Mission and overseeing implementation. The State Forest Development Agency would act the State Mission Cell.

At District level, the Mission activities will be coordinated through District Coordination Committees at the FDA level. At the village level, planning and implementation will be vested with the local level institutions of JFMCs.

For successful implementation of Green India Mission in the State, the Government of Chhattisgarh hereby constitutes a Steering Committee, an Executive Committee at State level and a District Co-ordination Committee at District level :

5.1 **State Steeting Committee :—**The State Steering Committee shall consist of the following :—

1.	Chief Secretary	:	Chairperson
2.	Addl. Chief Secretary/Principal Secretary (Forest)	:	Vice Chairperson
3.	Addl. Chief Secretary/Principal Secretary (Finance)	:	Member
4.	Addl. Chief Secretary/Principal Secretary (Panchayat and Rural Development Deptt.)	:	Member

5.	Addl. Chief Secretary/Principal Secretary (Scheduled Tribe and Scheduled Caste Development Deptt.)	:	Member
6.	Addl. Chief Secretary/Principal Secretary (Agriculture and Animal Husbandry Deptt.)	:	Member
7.	Principal Chief Conservator of Forests	:	Member
8.	Principal Chief Conservator of Forests (Wild Life)	:	Member
9.	Managing Director, Chhattisgarh M.F.P. Federation	:	Member
10.	Managing Director Chhattisgarh State Forest Development Corporation.	:	Member
11.	Representatives of Two eminent Civil Society Organizations. (CSOs)/NGO's actively engaged in Climate Change/ JFM.	:	Member
12.	Two members of JFM Committees doing exemplary works in the field of JFM.	:	Member
13.	Two members of Corporate House running an industry in the State and actively engaged in Climate Change/Forestry.	:	Member
14.	Addl. Principal Chief Conservator of Forests (JFM) and State Mission Director, Green India Mission.	:	Member Secretary

(**Note :** Sr. No. 11-13 will be nominated by the State Government on the Committee for a maximum period of two years.)

Roles of Steering Committee :

1. Will issue directions/guidelines; approve rules, and procedures for execution of works to Executive Committee for achieving the core principles and objectives of Green India Mission.

2. Review & Monitoring of the utilization of funds released under Green India Mission.

3. Will approve the annual reports and Audited accounts;

4. Will ensure inter-departmental coordination;

5. Will meet at least once in twelve months.

This committee will provide overall guidance to Green India Mission Cell in the State formed under the State Forest Development Agency (SFDA)

5.2 **Executive Committee** :—The Executive Committee shall consist of the following :—

1.	Principal Chief Conservator of Forests	:	Chairperson
2.	Principal Chief Conservator of Forests (Wild Life)	:	Member
3.	Managing Director, Chhattisgarh M.F.P. Federation	:	Member
4.	Managing Director, Chhattisgarh State Forest Development Corporation.	:	Member
5.	Director, Panchayat and Rural Development Deptt.	:	Member
6.	Managing Director, Chhattisgarh Rural Energy Development Agency.	:	Member
7.	Director, Agriculture Department	:	Member
8.	Addl. Principal Chief Conservator of Forests (Dev./Plan)	:	Member
9.	Two eminent CSOs/NGO's, actively engaged in Forestry/Climate Change (will be nominated by the State Govt. for a maximum period of two years).	:	Member

10.	Addl. Principal Chief Conservator of Forests (JFM) and State Mission Director, Green India Mission.	:	Member Secretary

Roles of Executive Committee :—

1. Will ensure implementation of Green India Mission under the guidelines and instructions issued by the Government of India from time to time.

2. It will undertake all possible measures to achieve the main objectives and core principles of Green India Mission within the rules and procedures prescribed by the Steering Committee.

3. It will sanction the annual Action Plan for head wise work programme and its anticipated costs of various activities under the Green India Mission being implemented in the State.

4. It will undertake execution of works being undertaken in the State out of the funds released under Green India Mission, review the works and also putup a monitoring and evaluation report to the Steering Committee.

5. Will be responsible for appropriate audit of both the receipts and expenditure of funds under the project.

6. For successful operations of the project will approve for acquiring services of technical experts on contract basis as and when required.

7. Take up other works that are included in Government of India guidelines and Steering Committees's Directions as per need;

8. Will ensure supervision of the District Coordination Committees and provide them guidance from time to time. It will also nominate non-government members to District Coordination Committee.

9. Will met at least twice a year.

5.3 **District Co-ordination Committe**e :—The District Co-ordination Committee of Green India Mission shall consist of the following :—

1.	Chief Conservator of Forests (Territorial)	:	Chairperson
2.	District Collector	:	Vice Chairperson
3.	CEO Zila Panchayat	:	Member
4.	Deputy Director Agriculture	:	Member
5.	District Veterinary Officer	:	Member
6.	Asstt. Commissioner Tribal Welfare Deptt.	:	Member
7.	District Health and Family Welfare Officer	:	Member
8.	Nominated representative of two eminent CSOs/ NGO's who is actively engaged in JFM/Climate Change for last 3 years.	:	Member
9.	Three Member of Joint Forest Management Committees. (At least one would be woman)	:	Member
10.	Divisional Forest Officer	:	Member Secretary

(Non Govt. representatives of Sr. No. 8, 9 will be nominated by the Executive Committee for a maximum period of two years.)

Roles of District Co-ordination Committee :—

1. Will ensure implementation of Project & inter-departmental coordination at District level;

2. Will ensure proper use of funds released under the Green India Mission, review progress of works and give necessary guidnace from time to time.

3. The committee will give its consent for selection of local experts/organizations at district level to undertake the Mission interventions.

4. Will be responsible for maintenance of all accounts and conduction of appropriate annual Audit Report to be submitted in time to the State GIM Cell.

6. **Establishment of State Green India Mission Cell :—**The State Green India Mission Cell shall be housed in Joint Forest Management (JFM) Wing of Chhattisgarh State Forest Department. The Additional Principal Chief Conservator Forests (JFM) will be Ex-Officio Mission Director and Nodal Officer for Green India Mission and will function as Member Secretary of both the Steering and Executive Committee. The Mission Director will be provided with required staff/experts and infrastructure to carry out the Mission activities. Necessary sanction for work based staff/experts will be obtained from the Executive Committee as and when required.

Roles of Green India Mission Cell :

1. Implementation of decisions and actions taken by the Steering Committee and Executive Committee constituted under Green India Mission;

2. This Cell will ensure successful implementation of Green India Mission through FDAs and Joint Forest Management committee by providing necessary instructions and guidance to the District Co-ordination Committee;

3. Allotment of funds received under Green India Mission from the Government of India, Directions to FDAs for implementation and enhancement of the scheme in the state.

4. Increase density and cover of forests in the forest areas of selected landscape duly funded under the scheme, eco-development along with enhancement of livelihood to local people and management of works.

5. To bring transparency in the program and creation of civic support.

6. Maintenance of separate account for the funds received under the project.

7. Suitable control over the project evaluation and reporting.

7. **Bank Account** :—As per instructions of Government of India the funds received under Green India Mission will be kept in separate account in a Nationalized Bank. Withdrawal of funds should be by joint signature of Chairperson and Director/Member Secretary of Executive Committee at the Cell level and Chairperson and Member Secretary at the District level.

8. **Monitoring and Evaluation of the Works** :—

1. As per Governments of India's instructions the auditing of accounts of the scheme should be carried out through a reputed Chartered Accountant who is also on the panel of C&AG.

2. For the concurrent monitoring and evaluations of works executed out of the funds released under the project an independent system (Internal & external) will be developed and implemented for effective and proper use of funds.

3. The State Green India Mission Cell shall have the powers to order inspection of field works under the GIM carried out by the FDAs.

4. If the Director of the State GIM Cell in satisfied that the funds released are not being utilized properly, he/she shall have the powers to withhold or suspend the release of remaining amount or its part thereof and carry out necessary action as per the rules of the Government of Chhattisgarh. Such action will be reported before the Executive Committee.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
ANIL KUMAR SAHU, Secretary.

नया रायपुर, दिनांक 21 अगस्त 2015

क्रमांक-एफ 7-09/2014/दस/भा.व.से.—श्री बी. एन. द्विवेदी, भा.व.से. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), छत्तीसगढ़ रायपुर को दिनांक 07-09-2015 से दिनांक 26-09-2015 तक कुल 20 दिवस अर्जित अवकाश स्वीकृत करते हुए उक्त अवकाश अवधि में स्वयं के व्यय पर निजी विदेश (स्वीटजरलैंड, आस्ट्रिया व हंगरी) प्रवास हेतु आपके द्वारा दी गई सूचना की अभिस्वीकृति भारत सरकार, कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के परिपत्र क्रमांक 11019/06/2001-AIS-III, दिनांक 05-12-2007 के अधीन निम्न शर्तों पर प्रदान की जाती है :—

1. उक्त अवकाश के पश्चात् आप अपने कर्तव्य पर उपस्थित होंगे.

2. उक्त अवकाश अवधि में आप विदेश प्रवास के दौरान विदेश में किसी प्रकार का व्यवसाय/नौकरी नहीं करेंगे.

3. उक्त प्रवास हेतु भारत सरकार के संबंधित विभाग/मंत्रालयों से, यदि किसी अनुमति की आवश्यकता हो तो वांछित अनुमतियां आप स्वयं प्राप्त करेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ईमिल लकड़ा, संयुक्त सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 1 सितम्बर 2015

क्रमांक एफ 7-15/2015/दस/भा.व.से.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री आर. के. तिवारी, प्रबंधक (प्रशासन) राज्य वन विकास निगम, रायपुर को दिनांक 07-09-2015 से 03-10-2015 तक कुल 27 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत करते हुए अवकाश अवधि में मुख्यालय से बाहर रहने की अनुमति प्रदान किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री तिवारी, प्रबंधक (प्रशासन) राज्य वन विकास निगम, रायपुर के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री तिवारी को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री तिवारी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एल. आदिले, उप सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 3 सितम्बर 2015

क्रमांक एफ 20-47/2013/11/6.—छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 के नियम 3.15 के तहत् राज्य शासन एतद्द्वारा अध्याय-चार के परिशिष्ट-1 के क्रमांक 02 (अ) की सारणी में सरल क्रमांक 5 के कालम (2) में सरल क्रमांक 7- "डिस्पेंसरी (अधिकतम 0.5 एकड़)" के पश्चात् "8-विद्युत उपकेन्द्र (छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी लिमि. को) अधिकतम 0.5 एकड़" समाविष्ट करता है. सरल क्रमांक 5 के शेष कॉलम (3), (4) एवं (5) की प्रविष्टियां पूर्ववत रहेंगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शारदा वर्मा, उप सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 20 अगस्त 2015

क्रमांक-एफ 7-24/2015/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उप धारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज, निवेश क्षेत्र का गठन करता है जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चित् की गई है :—

अनुसूची

राजपुर निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम बगाडी, बकसपुर, सेमरा एवं झींगो ग्राम की उत्तरी सीमा तक.

पूर्व में : ग्राम झींगो, कोटागहना, लड्डुवा एवं नवापारा ग्राम की पूर्वी सीमा तक.

दक्षिण में : ग्राम नवापारा, चटकपुर एवं राजपुर ग्राम की दक्षिणी सीमा तक.

पश्चिम में : ग्राम राजपुर, नवकी एवं बगाडी ग्राम की पश्चिमी सीमा तक.

नया रायपुर, दिनांक 21 अगस्त 2015

क्रमांक एफ 7-06/2011/32.—राज्य शासन, एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्र.-23 सन् 1973) की धारा 24 की उपधारा (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से जिला महासमुंद के पिथौरा निवेश क्षेत्र की सीमाओं में छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 लागू करता है.

नया रायपुर, दिनांक 22 अगस्त 2015

क्रमांक-एफ 7-33/2012/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार एतद्द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 29 अगस्त, 2012 द्वारा गठित फिंगेश्वर निवेश क्षेत्र की अनुसूची में पश्चिम में उल्लेखित ग्राम बिनौरी को उपवर्जित करता है. पुनर्गठित निवेश क्षेत्र की सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची अनुसार होगी.

अनुसूची

पुनर्गठित फिंगेश्वर निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम बोरिद, सरगोड़, पथर्री एवं गदहीडीही ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.

पश्चिम में : ग्राम गदहीडीही, फिंगेश्वर, पुरैना एवं मड़वाडीह ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.

दक्षिण में : ग्राम मड़वाडीह, चैतरा, सेनदर, पतोरा एवं परसदाकला ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.

पूर्व में : ग्राम परसदाकला, बोरिद एवं सरगोड़ ग्रामों की पूर्वी सीमा तक.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेजीना टोप्पो, संयुक्त सचिव.

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 21 अगस्त 2015

